# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/म.गां.अनु./प्रभाग–ब/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/66174/2022/226 दिनांकः 15.01.2023

निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर।

**विषयः**–सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2022 हेतु संलग्न विज्ञप्ति का प्रकाशन राज्य के दो प्रमुख समाचार पत्रों में करवाये जाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2022 अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र में सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम एवं सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/गणित) के पदों पर संविदा भर्ती हेतु संलग्न संक्षिप्त विज्ञप्ति का प्रकाशन राज्य के दो प्रमुख समाचार पत्रों के राज्य स्तरीय संस्करण में करवाये जाने बाबत संलग्न कर भिजवाई जा रही है।

अतः इनका राज्य स्तरीय दो समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाये जाने की कार्यवाही करावें।

संलग्नः–उपर्युक्तानुसार।

भवदीय

(गौरव अग्रवाल)
IAS
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीया शिक्षा राज्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।

उप निदेशक(महात्मा गांधी विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/म.गां.अनु./प्रभाग–ब/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/66174/2022/225 दिनांकः 15.01.2023

## सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023

## विज्ञप्ति

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)/राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में Rajasthan Contractual Hiring to Clivil Posts Rules, 2022 के प्रावधानों के अनुसार गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित क्षेत्र में सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम एवं सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/गणित) के पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र.सं. | विज्ञापन संख्या | क्षेत्र | पद | विज्ञापित पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01/2022–23 दिनांकः 14.01.2023 | गैर अनुसूचित क्षेत्र | i. सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम | 6670 |
| | | | ii. सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी) | 1219 |
| | | | iii. सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (गणित) | 1219 |
| | | | योग | 9108 |
| 02 | 02/2022–23 दिनांकः 14.01.2023 | अनुसूचित क्षेत्र | i. सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम | 470 |
| | | | ii. सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी) | 67 |
| | | | iii. सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (गणित) | 67 |
| | | | योग | 604 |
| | | | महायोग | 9712 |

उक्त पदों हेतु इच्छुक आवेदक निम्नानुसार निर्धारित अवधि में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

1. आवेदन करने की अवधि दिनांकः 31.01.2023 से दिनांकः 01.03.2023 के रात्रि 12:00 बजे तक रहेगी, उक्त अवधि के उपरान्त लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा।
2. इच्छुक आवेदक उक्त निर्धारित अवधि में http://sso.rajasthan.gov.in अथवा http://recruitment.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर SSO ID के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। विस्तृत विज्ञप्तियाँ तथा जिलेवार पदों का विवरण विभागीय वेबसाईट www.education.rajasthan.gov.in/secondary पर उपलब्ध है।
3. ऑनलाईन आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपने से संबंधित वर्ग/श्रेणी के विज्ञापित पदों हेतु जारी विस्तृत विज्ञप्ति एवं राजस्थान सिविल सेवा पदों पर संविदा पर रखा जाना, नियम–2022 की अधिसूचना का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर स्वयं की पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवेदन करें।
4. इच्छुक आवेदक को उसकी योग्यता एवं पात्रता के अनुसार संबंधित पद हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एक से अधिक पद की योग्यता एवं पात्रता होने पर प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन पत्र भरना होगा, ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।
5. विज्ञापित पदों में राजस्थान राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट देय होगी।
6. गैर अनुसूचित क्षेत्र (Non TSP AREA) के विज्ञापित पदों के विरूद्ध अनुसूचित क्षेत्र (TSP AREA) सहित सम्पूर्ण राजस्थान एवं राजस्थान के बाहर के निवासी आवेदन कर सकते है।
7. अनुसूचित क्षेत्र (TSP AREA) के विज्ञापित पदों के विरूद्ध केवल राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी/सद्भावी निवासी ही आवेदन करने हेतु पात्र हैं।
8. ऑनलाईन आवेदन पत्र अन्तिम रूप से SUBMIT करने के पश्चात आवेदन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन (Editing) अनुज्ञेय नहीं होगा तथा Editing, गलत सूचना या अपूर्ण आवेदन के सुधार हेतु के लिये कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन अन्तिम रूप से SUBMIT करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवे कि ई–मित्र, जन सुविधा केन्द्र, स्वयं द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई समस्त प्रविष्टियां सही भरी हुई है। गलत सूचनाएं अंकित करने एव कूटरचित दस्तावेजों के अपलोड करने पर अभ्यर्थी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
9. आवेदन शुल्कः–

| क्र.सं. | विवरण | राशि रू.में |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य वर्ग व क्रीमिलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग एवं राजस्थान राज्य से भिन्न अन्य राज्यों के समस्त अभ्यर्थियों हेतु | 100/– |
| 2 | राजस्थान के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा नॉनक्रीमिलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु | 70/– |
| 3 | राजस्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सहरिया आदिम जाति वर्ग के आवेदक हेतु | 60/– |
| 4 | राजस्थान राज्य के सभी वर्ग के दिव्यांग (निःशक्तजन) एवं जिनकी परिवारिक आय रू. 2.50 लाख से कम है उन आवेदक हेतु | 60/– |

नोटः–उक्त निर्धारित शुल्क के अभाव में आवेदन पर विचार नही किया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा एवं शुल्क एक बार जमा होने पर वापिस नही लौटाई जायेगी।

10. आवेदक अपने आवेदन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण के लिए सभी कार्य दिवसों में प्रातः 09:30 से सायं 06:00 बजे तक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर पर व्यक्तिगत रूप से अथवा हेल्प लाईन नम्बर 0151–2544043 पर कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।